हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 14 मार्च 2026

11 पेयजल की किल्लत को लेकर खरबला के ग्रामीण...

12 जिंदल स्टेनलेस को 'मानव संसाधन उत्कृष्टता में...


**खबर संक्षेप**

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए -1 पुलिस ने अवैध पिस्तौल व दो कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान देपल निवासी सुनील उर्फ कालू के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस हिसार चुंगी क्षेत्र में थी। तभी मिली सूचना के आधार पर टीम ने ढंढेरी स्थित छोटा रिजवाहा के पास शक के आधार पर आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस पर आरोपी सुनील उर्फ कालू के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### निगम ने 31 बेसहारा पशु भेजे गो अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम की टीम नेसहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में पशु पकड़ो अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि टीम ने रेलवे स्टेशन, रेड स्क्वेयर मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, सैनियान मोहल्ला, मेहता नगर, लाहौरिया चौक, श्यामलाल ढ़ाणी, इंदिरा नगर, जलेबी चौक, जहाजपुल चौक, कैंची चौक, आनंद निकेतन, तरसेम नगर, राम नगर क्षेत्र से 31 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। जिनमें 25 गाय, 3 नदीं व 3 बछड़े पकड़े गए सभी पशुओं को गो-अभ्यारण भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी साथ थी।

### प्लॉट विवाद में मारपीट महिला सहित दो पकड़े

**बरवाला।** पुलिस ने प्लॉट के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में महिला सहित दो आरोपियों को काबू किया है। ढाड निवासी बिजेन्द्र ने अपनी शिकायत में बताया कि 15 फरवरी की रात करीब 9 बजे वह अपने घर पर था। तभी उसका भाई सेवा सिंह अपनी पत्नी सुमन और बेटे रोहित के साथ उसके मकान की दीवार कूदकर अंदर आ गया। आरोप है कि सेवा सिंह ने तेजधार हथियार से उस पर हमला कर दिया। बचाव करते समय उसके हाथ पर चोट लग गई। इसके बाद आरोपी रोहित और सुमन ने भी डंडों से उसके मुंह और नाक पर वार किए, जिससे उसे चोटें आईं और खून निकलने लगा। वह चिल्लाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उसे आरोपियों से छुड़वाया।

### जनरल स्टोर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान शहर थाना पुलिस ने जनरल स्टोर में चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शेखपुरा निवासी राजू के रूप में हुई है। बता दें कि पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले गिरफ्तार कर सामान बरामद कर चुकी है। उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि हांसी निवासी पंकज ने 20 नवंबर को थाना शहर में शिकायत दी थी कि उसकी जनरल स्टोर की दुकान से 19 नवंबर की रात को अज्ञात लोगों ने उसकी दुकान से सामान चुरा लिया है।

**गैस सप्लाई बंद कालाबाजारी चालू**

# घरेलू गैस को कमर्शियल का चोला पहनाकर 3 से 5 हजार प्रति सिलेंडर बेच रहे जमाखोर




हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग के चलते गैस की सप्लाई प्रभावित हो रही है। शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत बढ़ गई है। गैस कंपनियों ने कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह से बंद कर दी है। कमर्शियल सिलेंडर उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर चक्कर काट रहे हैं, लेकिन एजेंसियों ने नए आदेश नहीं आने तक कमर्शियल सिलेंडर देने से साफ मना कर दिया है। गैस एजेंसी संचालकों पर वर्तमान में गिनती के ही रिफिल कमर्शियल सिलेंडर पड़े हैं। जिनका हिसाब हर दिन प्रशासन द्वारा लिया जा रहा है। कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से होटलों व रेस्टोरेंट पर गैस का सीमित स्टॉक ही बचा है। इस हालात में ढाबों, होटलों तथा रेस्टोरेंट संचालकों ने इंडक्शन चूल्हे, कोयले तथा लकड़ी जैसे वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। जिससे खाने के दाम भी बढ़ गए हैं। उधर, गैस की पर्याप्त आपूर्ति की अफवाहों को लेकर घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं ने हाय तौबा मचाई हुई है। युद्ध लंबा चलने तथा गैस की आपूर्ति लगातार प्रभावित करने की अफवाहों के चलते कई लोगों ने गैस सिलेंडर स्टॉक करने में जुट गए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर बुक करवाने के बाद 7 से 10 बाद होम डिलीवरी में लग रहे हैं। पहले डिलीवरी 3 से 5 दिन में हो जाती थी।

## होटल, ढाबों और मिष्ठान भंडारों तक महंगी कीमतों पर पहुंचाई जा रही एलपीजी

## गैस की कमी से अब खाने के दामों में भी हुई बढ़ोतरी

- होटल-ढाबा संचालकों ने इंडक्शन चूल्हे, कोयले तथा लकड़ी जैसे वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना किया शुरू
- बुकिंग के बाद भी होम डिलीवरी 7 से 10 दिन करना पड़ रहा इंतजार
- प्रशासन रोजाना कमर्शियल सिलेंडरों का ले रहा हिसाब
- डीसी के आदेश पर पहुंची टीम से सामने आए पैनिक बुकिंग के मामले



**आंकड़ों पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| **कुल गैस एजेंसियां** | **34** |
| बीपीसीएल | - 12 |
| आईओसीएल | - 14 |
| एचपीसीएल | - 8 |
| **कुल गैस उपभोक्ता** | **530257** |
| घरेलू उपभोक्ता | - 526857 |
| कमर्शियल उपभोक्ता | - 3400 |
| **गैस के दाम** | |
| घरेलू सिलेंडर | -932 रुपये |
| कमर्शियल सिलेंडर | -1968 रुपये |
| **बुकिंग का अंतराल** | |
| बुकिंग समय | -25 दिन |

### बुकिंग सिस्टम में गड़बड़ी के कारण गैस एजेंसियों पर बढ़ी उपभोक्ताओं की भीड़

घरेलू गैस सिलेंडरों की बात की जाए तो पैनिक बुकिंग के चलते लोगों की भारी भीड़ एजेंसियों पर सुबह से ही पहुंच जाती है। पिछले तीन दिनों से बुकिंग सिस्टम में गड़बड़ी के चलते उपभोक्ता सिलेंडर बुक नहीं कर पा रहे थे, जिसके कारण भी एजेंसियों पर एकदम से भीड़ बढ़ी है। शुक्रवार को कंपनी द्वारा बुकिंग सिस्टम में आई खामी को दूर किया गया, जिसके बाद टोल फ्री नंबर, मिस्ड कॉल तथा ऑनलाइन के जरिए सिलेंडर बुकिंग शुरू हो सकी। इसके अलावा लोग पैनिक के चलते एडवांस में सिलेंडर भरवा कर स्टॉक कर रहे हैं। इस कारण भी एकदम से घरेलू गैस सिलेंडर की डिमांड और एजेंसियों पर भीड भी बढ़ी है।

### डिमांड के बावजूद एजेंसियों को भी नहीं मिल रहे कमर्शियल सिलेंडर

युद्ध के चलते हर दिन हालात बदल रहे हैं। गैस एजेंसियां पर हालात ऐसे बन गए है कि युद्ध शुरू होने से पहले तक गैस कंपनियां धक्के से एजेंसी संचालकों को कमर्शियल सिलेंडर की डिमांड नहीं होने पर भी सेल करना का दबाव बनाती थी, लेकिन वैश्विक गैस संकट को देखते अब एजेंसी संचालक कमर्शियल सिलेंडर की डिमांड कर रहे हैं तो भी कंपनियों सप्लाई नहीं दे रही है।

### गैस की कमी का फायदा उठाने के लिए वसूल रहे ढाई गुना तक दाम

कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई की कमी का फायदा उठाने के लिए जमाखोर सक्रिय हो गए हैं। कुछ जमाखोर घरेलू गैस सिलेंडरों से गैस निकालकर कमर्शियल सिलेंडर में भरकर महंगे दामों पर बेच रहे हैं। वर्तमान में 932 रुपये में मिलने वाले घरेलू गैस सिलेंडर में 14 .2 किलोग्राम गैस होती है और 1968 रुपये में कमर्शियल गैस सिलेंडर में 19 किलोग्राम गैस होती है। जमाखोर घरेलू गैस सिलेंडर से गैस कमर्शियल में डालकर फिर उसे ब्लैक में 3 से 5 हजार रुपये की कीमत में बेच रहे हैं।

**हेल्पलाइन**

*एलपीजी या अन्य पेट्रोलियम उत्पादों संबंधी किसी भी समस्या को लेकर टोल फ्री नंबर 1800 180 2087 पर संपर्क कर सकते हैं ग्राहक*

### ढाबों-रेहड़ियों पर इस्तेमाल हो रहे घरेलू गैस सिलेंडर

शहर में ढाबों तथा रेहड़ियों पर घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल किया जा रहा है। खासकर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के आसपास, कोर्ट परिसर के बाहर, ग्रीन स्कवेयर मार्केट, पटेल नगर मार्केट, ऑटो मार्केट, नई सब्जी मंडी, पीएलए, ओल्ड कोर्ट कांप्लेक्स, अर्बन एस्टेट, डाबड़ा चौक, मॉडल टाउन, सेक्टर 15, सेक्टर 13 सहित अन्य एरिया में रेहड़ियों, दुकानों-ढाबों पर खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है।

#### बल्क में सिलेंडर लेने के लिए मंजूरी का इंतजार

आंगनवाड़ी केंद्र, सरकारी व निजी स्कूल, आश्रम, धार्मिक स्थलों द्वारा गैस एजेंसियों के पास बल्क में गैस सिलेंडर लेने के लिए लगातार आवेदन आने का सिलसिला जारी है। एजेंसी संचालकों ने आवेदन को गैस कंपनी विपणन अधिकारी के पास ईमेल कर मंजूरी के लिए भेजा हुआ है। जैसे ही मंजूरी मिलेगी, उक्त सभी को बल्क में सिलेंडर देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। फिलहाल मंजूरी नहीं मिलने तक इन्हीं इंतजार करना पड़ेगा।

#### समस्या गंभीर



पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देश में कुकिंग गैस का संकट गहरा गया है। लोग गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं, रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं और लोग एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं। सरकार समस्या का समाधान करने के बजाय इसे अफवाह बताकर केवल आश्वासन दे रही है।

**-चंद्रप्रकाश,** विधायक, आदमपुर

#### नहीं मिल रहा सिलेंडर

घरेलू गैस सिलेंडर लेने पहुंची गांव शाहपुर निवासी वृद्धा विमला ने बताया कि वह सिलेंडर के लिए भटक रही है। ऑनलाइन बुकिंग हो नहीं रही। एजेंसी पर आती हूं तो कहते है, ऑनलाइन बुक करवाओ, उसके बाद घर सिलेंडर पहुंच जाएगा। एक सप्ताह से धक्के खाने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा।

# खरबला के कुलदीप सुसाइड केस में कार्रवाई के आश्वासन के बाद किया शव का अंतिम संस्कार

## ससुरालियों की पिटाई से आहत युवक ने घर में फांसी लगाकर दे दी थी जान

- पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद माने परिजन, उठाया शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

ससुरालियों की पिटाई से आहत गांव खरबला निवासी 29 वर्षीय युवक कुलदीप द्वारा घर में फंदा लगाकर आत्महत्या मामले में युवक के परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने तक शव लेने से मना कर दिया। परिजनों ने कहा कि जब तक युवक के ससुराल पक्ष के लोगों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक वे शव नहीं लेंगे। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाने की कार्रवाई शुरू की तो मृतक के परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों कहा कि जब तक उसके ससुराल जनों की गिरफ्तारी नहीं होती जब तक शव की नहीं लेंगे। माहौल तनाव पूर्ण हो गया और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दी गई। बास थाना प्रभारी बलवान सिंह पहुंचे और उन्होंने मृतक के परिजनों से बातचीत करके उनको समझाया उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शव का पोस्टमार्टम करवाया और उसके परिजनों के हवाले कर दिया। शव का गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया।



**नारनौंद।** हांसी के सामान्य अस्पताल में बैठे हुए गांव खरबला के ग्रामीण।

#### ये था मामला

बता दें कि गांव खरबला निवासी 29 वर्षीय कुलदीप ने गुरुवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने जब उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचित किया। बास थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को भी मौके पर बुलाया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

#### काफी समझाने पर माने परिजन

मौके पर थाना प्रभारी बलवान सिंह पहुंचे उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर समझाया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में जो भी कारण सामने आएंगे उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई कर दी जाएगी। काफी देर बाद परिजन माने और उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को उसके स्वजनों के हवाले कर दिया जिसका गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

#### ससुराल पक्ष पर दबाव बनाने का आरोप

मृतक के पिता बीरभान ने बताया कि जब उसकी पत्नी मोहिता ने आत्महत्या की थी तो उसके घरवालों ने कुलदीप पर दबाव बनाया था कि वह इस हत्या में उसको फंसा देंगे। इसकी एवज में 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। लगातार उसको परेशान किया जा रहा था। उनसे तंग आकर ही उसने ऐसा कदम उठाया है।

#### 9 फरवरी को किया सुसाइड

कुलदीप की पत्नी ने मृतक कुलदीप राज मिस्त्री का काम करता था और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी पत्नी मोहिता ने भी नौ फरवरी को आत्महत्या कर ली थी। वह अपनी दो छोटी बेटियों, सात वर्षीय मानवी और तीन वर्षीय इनाया के देखभाल कुलदीप ही कर रहा था। पिता की मौत के बाद दोनों लड़कियों से माता और पिता का साया उठ गया है। बास थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन पोस्टमार्टम न करवाने पर अड़े हुए थे। उनको समझा दिया गया। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई कर दी जाएगी। गहनता से जांच जारी है।

### खुले में कचरा जलाने व डालने पर 5-5 हजार रुपये के चालान

**हिसार।** स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम की नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान किए। एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार व एएसआई रोहित ने खुले में कचरा डालने पर ज्योति पूरा मोहल्ले के पास एक दुकानदार का पांच हजार रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा एएसआई कपिल ने कैमरी रोड पर खुले में कचरा जलाने पर एक व्यक्ति का पांच हजार रुपये का चालान किया।

# लिफ्ट मांगकर लूटने की आरोपी महिला को मित्र सहित जेल भेजा

- बैक टू बैक स्नैचिंग में टीम ने बाइक और कागजात बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

सीआईए वन टीम एवं पीएलए चौकी द्वारा बैक टू बैक चेन स्नैचिंग मामले में गिरफ्तार महिला व उसके साथी को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को अदालत में पेश किया था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार की गई महिला हांसी के चार कुतुब गेट पर रह रही धोला कुआं निवासी अंजली व हिसार के आजाद नगर निवासी नितेश को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने पूछताछ के दौरान आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। इसके अलावा बुजुर्ग व्यक्ति से छीना गया बैग, जिसमें आवश्यक दस्तावेज व कागजात थे, भी बरामद कर लिया गया है। इसके बाद पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# सरकारी स्कूल के सातवीं कक्षा के एक छात्र पर 7-8 बाहरी छात्रों ने चाकू से किया हमला

- बीच-बचाव करने आए छात्रों पर भी हमला, तीन घायल, हिसार रेफर
- स्कूल स्टाफ ने एक हमलावर छात्र को दबोचकर किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला

एक सरकारी स्कूल के सातवीं कक्षा के एक छात्र पर 7-8 छात्रों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह छात्र घायल हो गया। हमले में बीच-बीच बचाव करने आए दो अन्य छात्र भी घायल हो गए। शोर शराबा सुनते ही स्कूल का स्टाफ मौके पर पहुंचा और हमलावर छात्रों में से एक छात्र को मौके पर दबोच लिया। इस घटना की सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्टाफ ने दबोचे गए हमलावर एक छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया। उधर, तीन घायल छात्रों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कम उपमंडल नागरिक अस्पताल बरवाला लाया गया। जहां पर दो छात्रों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी और चिकित्सकों ने घायल एक छात्र को नागरिक अस्पताल हिसार रेफर कर दिया। बीच-बचाव करने आए छात्रों ने बताया कि उनका दोस्त 7वीं कक्षा का पेपर देकर स्कूल से निकला ही था कि स्कूल के गेट के पास ही पहले से ही घात लगाए बैठे दूसरे सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 7-8 छात्रों ने लात, घूसों, थप्पड़ों व साथ में लाल कपड़े में लपेट कर लाए चाकू से उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

#### परिजनों के बयान पर कार्रवाई

इस बारे जांच अधिकारी एसआई राजबीर और अनूप सिंह ने बताया कि घायल छात्र को नागरिक अस्पताल हिसार रेफर कर दिया गया है। हिसार में घायल छात्र और उसके परिजनों के बयान लेने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

हमलावर छात्रों ने स्कूल के गेट के पास ही इस छात्र पर हमला किया तो बीच-बचाव होने से इस छात्र की जान बच गई। अगर ये हमलावर छात्र स्कूल से थोड़ी दूर हमला करते तो बड़ी वारदात घटित हो जाती। एक दिन पूर्व भी इन हमलावर छात्रों ने इस छात्र को स्टेडियम में बुलाया था परंतु उनके बुलावे पर यह छात्र स्टेडियम में नहीं गया। पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

## एचएयू के गिरी सेंटर में 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट शुरू

# 800 मीटर में अस्मिता व दीपांशु दौड़े सबसे तेज

- आठ महाविद्यालयों के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि विधार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। खेलों से विधार्थियों में अनुशासन, भाईचारा और टीम वर्क की भावना कायम होती है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाडिय़ों में प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास और आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। कुलपति प्रो. काम्बोज शुक्रवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। वार्षिक एथलेटिक मीट में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ एस के पाहुजा ने एथलेटिक्स मीट में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि प्रतियोगिता में 800 मीटर रेस (महिला -पुरुष) ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो और रिले रेस सहित विभिन्न प्रकार के मुकाबले होंगे।



**हिसार।** प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

#### ये रहे एथलेटिक मीट के प्रथम दिन के परिणाम

800 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर हिसार के दीपांशु प्रथम, कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर बावल के मानव द्वितीय तथा कॉलेज आफ एग्रीकल्चर हिसार के विवेक तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 800 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) में कॉलेज आफ एग्रीकल्चर बावल की अस्मिता प्रथम, कॉलेज आफ एग्रीकल्चर हिसार की अन्नु द्वितीय तथा कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर हिसार की मधु तृतीय स्थान पर रही। डिस्कश थ्रो (पुरुष वर्ग)में कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर कौल के रमन प्रथम, कॉलेज ऑफ़ फिशरिज साइंस के अजय द्वितीय तथा कॉलेज आफ बेसिक साइंस के लक्ष्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद (पुरुष वर्ग) में कॉलेज आफ एग्रीकल्चर कौल के अमन प्रथम, कॉलेज आफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के हर्ष द्वितीय तथा कॉलेज आफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के ही अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद (महिला वर्ग) कॉलेज ऑफ़ कम्युनिटी साइंस की अंजलि प्रथम, कॉलेज ऑफ़ बेसिक साइंस सुमन द्वितीय तथा कॉलेज ऑफ़ कम्युनिटी साइंस की मुस्कान तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट में कॉलेज आफ कम्युनिटी साइंस की ज्योति प्रथम, अव्वल द्वितीय तथा कॉलेज आफ बेसिक साइंस की सुमन तीसरे स्थान पर रही। सैक रेस में कॉलेज ऑफ़ कम्युनिटी साइंस की ज्योति प्रथम तथा कॉलेज आफ एग्रीकल्चर हिसार की प्रीति द्वितीय एवं ममता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बाजारों व मुख्य मार्गों से हटवाए कब्जे

- टीमों ने दुकानों के बाहर रखा सामान भी किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम की ओर से निरंतर जारी है। अभियान का उद्देश्य मुख्य मार्गो व मार्केट में सुचारु आवागमन सुनिश्चित करना और आम नागरिकों को होने वाली परेशानी से राहत दिलाना। इस दौरान तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ, पशु पकड़ो अभियान की टीम तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, ताकि अभियान शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग हो। सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को अभियान की शुरूआत रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद लोकल बस स्टेंड से ऋषि नगर रोड से अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट से अतिक्रमण हटवाते समय एक दुकानदार का स्टैंड भी जब्त किया। इसके साथ ही पुल तेलियान से दो रेहड़ी भी जब्त की गई। इसके बाद बिश्नोई मंदिर मार्केट, सुभाष मार्केट, पुल तेलियान, बालाजी मार्केट, पूजा मार्केट से अतिक्रमण हटाया गया।

इसके अलावा मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए टीम ने बडवाली ढ़ाणी से सड़क पर कार्रवाई करते हुए सड़क से अतिक्रमण हटाया गया साथ ही टीम ने मार्केटों में दुकानदारों को सामान अपनी परिधि में रखने की अपील भी की।




**हिसार।** अतिक्रमण हटाते निगम की टीम। *फोटो : हरिभूमि*



# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा

**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। लेकिन, उसके बाद गिरावट आई।

## लाइफ Style

# अनन्या

## खुद को हमेशा कमतर समझा

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# फैशन वीक में फ्लॉन्ट की सोने की अंगूठी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर जेंडाया, टॉम हॉलैंड के साथ शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच वह पेरिस फैशन वीक में शानदार ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट की है। माना जाता है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी शादी को कंफर्म कर दिया है। उनके फैंस ऑनलाइन यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कपल ने चुपके से शादी कर ली है? जेंडाया ने लूव्र में लुई विटॉन के शो में सफेद रंग की ड्रेस में शिरकत की। शो में उन्होंने जो ज्वैलरी पहनी वह चर्चा का विषय बन गई। जेंडाया ने हाल के दिनों में सगाई की अंगूठी के बजाय एक सादी सोने की अंगूठी पहनी है। इस बात से पता चलता है कि उन्होंने शादी कर ली है। ज्वैलरी एक्सपर्ट पेज नील ने बताया कि जेंडाया ने जो अंगूठी पहनी है वह शादी की अंगूठियों की तरह है। बातचीत में नील ने कहा कि सादी अंगूठियां अक्सर आत्मविश्वास का संकेत होती हैं।



# डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए आरोन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर आरोन पियरे डीसी स्टूडियोज की आने वाली सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में शामिल हो गए हैं। यह फिल्म 2025 की सुपरहिट फिल्म 'सुपरमैन' का सीक्वल है। आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा।



# सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




# मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई

**मुंबई।** रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म नें नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं। वहीं एक ने कहा है- 'जब वी मेट' की याद आ गई।

## टीवी मसाला



# एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होंगे इन सेलेब्स के खास शोज

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी इस साल की बड़ी रिलीज की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत शिखर धवन का शो बैटलग्राउंड सीजन 2, नसीरुद्दीन शाह की मेड इन इंडिया और संजय कपूर की अब होगा हिसाब रिलीज होंगी। शिखर धवन की अगुवाई वाला शो 'बैटलग्राउंड सीजन 2' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसमें भारत के जबरदस्त फिटनेस के दीवाने और प्रोफेशनल एथलीट जीत के लिए संघर्ष करेंगे। नए सिरे से बने 'बैटलग्राउंड हाउस' में एक ही छत के नीचे 16 कंटेस्टेंट होंगे। इस शो के निर्देशक उत्तम डोमाले, दीपदत्त पांडे और नेहा सेठ हैं। दिव्येंदु शर्मा और भावना अरोड़ा की अदाकारी वाला शो 'वेटिंग है' इसी साल रिलीज होने वाला है। इसकी कहानी एक रेलवे पुलिस फोर्स के जवान के आस-पास घूमती है, जो तत्काल टिकट पाने की जद्दोजहद के दौरान, करोड़ों के एक घोटाले का पर्दाफाश करता है। इसके निर्देशक समीर विध्वंस होंगे। सनी हिंदुजा और मीरा चोपड़ा की अदाकारी वाली सीरीज 'विमल खन्ना' इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके निर्देशक साकेत चौधरी और अभिनव सीकर हैं। इसमें एक ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो हालात का मारा है और रक्षक' बन जाता है। दर्शकों को इसका इसका इंतजार है। क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर की अदाकारी वाली सीरीज 'रक्तांचल 3' एक पॉलिटिकल-क्राइम सीरीज है।

## सीआईडी के मेकर्स ने मुझे अचानक निकाला

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक क्राइम सीरीज सीआईडी का हर कोई फैन रहा है। इसका नया सीजन आया लेकिन लोगों के बीच उतना हाइप क्रिएट नहीं कर सका, जितना इसके पुराने और ओरिजनल एपिसोड्स और कलाकारों ने किया था। एसीपी प्रद्युमन, दया, फ्रेड्रिक्स, डॉक्टर सालुंखे, डॉक्टर तारिका, पूर्वी समेत कई किरदारों के अलावा, इसमें इंस्पेक्टर काजल भी थीं, जिनका किरदार 'अनुपमा' एक्ट्रेस जसवीर कौर ने निभाया था। उन्होंने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक दिन उन्हें अचानक शो से निकाल दिया गया और उन पर आरोप लगाए गए। उनके मुताबिक, उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और अचानक शो छोड़ने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन्होंने 7 साल तक स्ट्रगल किया और कैमियो के अलावा इनकम टैक्स रिटर्न से गुजारा किया। मुझे ऑफिस बुलाया गया और अचानक से कहा गया कि मेरा तौर-तरीका नहीं सही था। और मैंने बिना डायलॉग्स के स्क्रिप्ट भी ले ली थी।



# तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद-कृति-रश्मिका की मूवी

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6 भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी। फिर एक हफ्ते बाद 19 जून को 'कॉकटल 2' आएगी और उसके एक हफ्ते बाद 26 जून को अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'वेलकम टू जंगल' बॉक्स ऑफिस पर धप्पा बोलेगी।

# इस वीकएंड ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का

**नई दिल्ली।** फिर वीकएंड आ गया है! कुछ लोग अपने काम निपटाएंगे। कुछ दोस्तों के साथ मुलाकात और पार्टी करना पसंद करेंगे। मगर, एंटरटेनमेंट के शौकीन अपने पसंदीदा सिनेमा का लुत्फ उठाएंगे। बढ़ती गर्मी के बीच अगर थिएटर जाने का मन नहीं है और घर बैठे ही कुछ बढ़िया देखना है तो इस वीक की ओटीटी लिस्ट चेक कर लीजिए। इस बार काफी दिलचस्प विकल्प हैं।

### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत यह फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे लेकर काफी विवाद रहा था। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत रही। अब 'द ताज स्टोरी' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह फिल्म 13 मार्च 2026 से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम हो रही है।

## रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज



### एस्पिरेंट्स सीजन 3

लोकप्रिय सीरीज एस्पिरेंट्स के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए। अब यह सीरीज अपने तीसरे सीजन के साथ आ रही है। टीवीएफ की यह चर्चित सीरीज 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीजन डीएम अभिलाष (नवीन कस्तूरिया) की सफलता के बाद की चुनौतियों को दिखाएगा। साथ ही, संदीप ओहलान के आरोपों के बाद की जांच और रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव पर बेस्ड है। नवीन कस्तूरिया, सनी हिंदुजा और अभिलाष थपलियाल इसमें अहम रोल में नजर आएंगे।

### पूकी

फिल्म पूकी फरवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह भी ओटीटी पर आ रही है। इस फिल्म में जेन जी के रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया है। वीकएंड पर इस फिल्म को देख सकते हैं। यह 13 मार्च 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

### फंकी

अगर आप कुछ कॉमेडी से भरपूर देखना चाहते हैं तो इस वीकएंड आप 'फंकी' देख सकते हैं। यह साउथ की कॉमेडी फिल्म है। यह शुक्रवार 13 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

### जूटोपिया 2

एनिमेटिड फिल्म 'जूटोपिया' का दूसरा पार्ट यानी 'जूटोपिया 2' भी इस वीकएंड की लिस्ट में शामिल है। इसे बच्चों के साथ बैठकर वीकएंड पर देखा जा सकता है। यह 11 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है।

## 15 मार्च को डॉल्बी थिएटर में होना ऑस्कर 2026 का आयोजन

# थप्पड़ से लेकर कपड़े उतारने तक की घटनाएं रहीं विवादित

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ऑस्कर 2026 का आयोजन 15 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होना है। लेकिन, भारत में इस अवॉर्ड समारोह को सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। फैंस इस समारोह का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑस्कर को फिल्म जगत का सबसे मशहूर समारोह माना जाता है। लेकिन, ऑस्कर में कई ऐसे विवाद भी हुए हैं, जो काफी चर्चाओं में रहे।

### जब गलत फिल्म का हुआ अनाउंसमेंट

2017 में बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में 'मूनलाइट' फिल्म को अवॉर्ड दिया जाने वाला था। हालांकि, अवॉर्ड प्रेजेंटर्स को जो लिफाफा मिला, उसमें फिल्म 'ला ला लैंड' का नाम लिखा गया था। अनाउंसमेंट होने के बाद प्रेजेंटर्स ने सही नाम की घोषणा कर माफी मांगी थी।

### विल ने होस्ट क्रिस रॉक को जड़ा थप्पड़

2022 में ऑस्कर सबसे ज्यादा चर्चा में विल स्मिथ द्वारा क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारने के चलते चर्चाओं में से सुर्खियों में रहा था। क्रिस ने विल स्मिथ की पत्नी के गंजे सिर पर मजाक किया था। कुछ देर बार विल स्मिथ को फिल्म 'किंग रिचर्ड' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने मंच पर एकेडमी से माफी मांगी, लेकिन उन्होंने क्रिस रॉक के लिए कुछ नहीं कहा।





### मार्लन का चोरी हो गया ऑस्कर

1954 की फिल्म 'ऑन द वॉटरफ्रंट' के लिए मार्लन ब्रांडो को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था, जो उनके घर से चोरी हो गया था। कुछ समय बाद 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को यही अवॉर्ड अमेरिकन फाइनेंसर जो लो ने तोहफे में दिया। जो लो ने लियोनार्डो की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ द वॉल स्ट्रीट' में पैसे लगाए थे।

### लियोनार्डो ने लौटाया अवॉर्ड

जब जो लो पर धोखाधड़ी के केस की जांच बैठी और उनकी संपत्ति जब्त हुई तो लियोनार्डो को ये अवॉर्ड अधिकारियों को लौटाना पड़ा। जो लो ने अधिकारियों को बताया कि ये अवॉर्ड एक ऑक्शन में 6 लाख डॉलर (5.2 करोड रुपए) में खरीदा था।

### कोरिन ने स्टेज पर उतारे कपड़े

साल 2021 के ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर ही कपड़े उतार दिए थे। उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए ऐसा किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे।

### एड्रियन ने हैल को स्टेज पर किया किस

साल 2003 में अमेरिकी अभिनेता एड्रियन ब्रूडी ने स्टेज पर एक्ट्रेस हैल बेरी को किस कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, ब्रूडी को फिल्म 'दि पियानिस्ट' के लिए ऑस्कर मिला था। अवॉर्ड देने के लिए स्टेज पर जब अभिनेत्री हैल बेरी आईं तो अभिनेता ने उन्हें किस कर लिया।

### सेरेमनी से पहले चोरी हुईं 55 ऑस्कर ट्रॉफी

साल 2000 में ऑस्कर समारोह से 20 दिन पहले 55 ट्रॉफी से भरा ट्रक चोरी हो गया था। जल्दबाजी में सेरेमनी के लिए नई ट्रॉफी बनवाई गईं। कुछ दिनों बाद एक शख्स को कचरे के ढेर में 52 ऑस्कर ट्रॉफी मिली थीं। बची हुई 3 में से एक ट्रॉफी ड्रग रेड में मिली, लेकिन बाकी 2 ट्रॉफी आज भी लापता हैं। रिकवर हुईं सभी ट्रॉफी को नष्ट कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### एलपीजी के दाम बढ़ने से जनता परेशान

**हिसार।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय प्रभारी विरेंद्र नरवाल ने घरेलू एलपीजी की कीमतों में 60 रुपये की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इस कदम से आम लोगों पर वित्तीय बोझ बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी से नागरिकों में परेशानी पैदा हो गई है और चिंता बढ़ गई है कि आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें भी बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि एक ओर मोदी सरकार के मंत्री दावा कर रहे थे कि उनके पास पर्याप्त स्टॉक है और कीमतें बिल्कुल नहीं बढ़ेंगी। 24 घंटे के भीतर, सरकार का बयान झूठा साबित हो गया।

### ट्रैक्टर अनुदान योजना के तहत आवेदन 17 तक

**हिसार।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्टेट प्लान स्कीम के अंतर्गत अनुसूचित जाति के किसानों द्वारा अनुदान पर खरीदे जाने वाले ट्रैक्टरों के लिए पोर्टल प्रक्रिया एवं ट्रैक्टर खरीदने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 17 मार्च कर दी गई है। एक प्रवक्ता ने बताया कि एससी ट्रैक्टरों का भौतिक सत्यापन उपायुक्त द्वारा गठित कमेटी के माध्यम से 20 मार्च को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें हिसार प्रथम व द्वितीय, आदमपुर व अग्रोहा क्षेत्र के किसानों का भौतिक सत्यापन प्रातः 9:30 से दोपहर 1 बजे तक कबीर छात्रावास के पास ग्राउंड में किया जाएगा।

### हरी खाद फसलों को बढ़ावा देने को चलेगा अभियान

**हिसार।** प्रदेश में मिट्टी की सेहत सुधारने, खेती की लागत कम करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दलहन तथा हरी खाद की फसलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2026 के लिए राज्य स्तर पर लगभग 4.5 लाख एकड़ क्षेत्र में दलहन फसलों की बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह जानकारी कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह ने दी।

### जाट कॉलेज में ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के वाणिज्य विभाग तथा प्लूटस एजुकेशन के संयुक्त सौजन्य से एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के अवसर विषय पर आयोजित इस वेबीनार में प्लूटस एजुकेशन से ट्रेनर खुशी गेरा मुख्य वक्ता रही। उन्होंने विद्यार्थियों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उच्च वेतन वाली नौकरियां प्राप्त करने के लिए आवश्यक योग्यताओं, कौशल जरूरतों तथा उपलब्ध विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर प्लेनिंग तथा बायोडाटा बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए।

### ओशो ध्यान उपवन में ध्यान सत्र 15 को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 15 मार्च को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस ध्यान सत्र में पूर्ण रूप से जागरूकता का महत्व समझाते हुए ध्यान विधियों से रूबरू करवाया जाएगा। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ध्यान का अभ्यास करवाएंगे और सतगुरु ओशो की देशनाओं से भी साक्षात्कार करवाएंगे। ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से साधक बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

---

### ग्रामीण एक महीने से झेल रहे हैं दिक्कत, नहीं हो रहा समाधान

# पेयजल की किल्लत को लेकर खरबला के ग्रामीण सड़क पर

**गांव में कई जगह पर टूटी पड़ी है पाइपलाइन, बूस्टिंग स्टेशन तक ही नहीं पहुंच रहा पानी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

जिले के गांव खरबला में पिछले एक महीने से पीने के पानी का गंभीर संकट बना हुआ है। जलघर से बूस्टिंग स्टेशन तक जाने वाली मुख्य पाइपलाइन कई जगहों से क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी बूस्टिंग स्टेशन तक नहीं पहुंच पा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सर्दी का मौसम समाप्त हो चुका है और गर्मी बढ़ने के साथ पीने के पानी की समस्या और गंभीर हो जाएगी। लोगों को अपने घरों के साथ-साथ पशुओं के लिए भी पानी की व्यवस्था करने में कठिनाई हो रही है। लगातार बनी इस समस्या से परेशान होकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने गांव में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक महीने से उनके घरों में लगे नलों में एक बूंद भी पानी नहीं आया है।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर शीला, गीता, पूनम, संतोष, मीना, रामरूप, बिजेंद्र, रामफल और बारू सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


हांसी। पेयजल समस्या को लेकर प्रदर्शन करती खरबला गांव की महिलाएं।

#### दूर-दराज से लाना पड़ रहा है पानी

ग्रामीणों महिलाओं ने बताया कि उन्हें घर की जरुरतों को पूरा करने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। परिवार के कई सदस्य सुबह-शाम पानी के इंतजाम में ही लगे रहते हैं, जिससे उनके रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं को पानी पिलाना भी एक बड़ी समस्या बन गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

#### पुरानी पाइपलाइन से हो रही परेशानी : सरपंच

गांव की सरपंच स्वाति देवी ने बताया कि जलघर से बूस्टिंग स्टेशन तक की पाइपलाइन काफी पुरानी और जर्जर हो चुकी है। कई बार इस लाइन की मरम्मत करवाई जा चुकी है, लेकिन एक जगह ठीक करने के बाद दूसरी जगह से पाइप फट जाती है, जिससे समस्या लगातार बनी हुई है। उन्होंने बताया कि गांव के जलघर के नवीनीकरण और पूरे गांव में नई पाइपलाइन बिछाने के लिए एस्टीमेट बनाकर जनस्वास्थ्य विभाग को भेजा जा चुका है। इसके साथ ही जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा से मिलकर भी मांग रखी गई है। सरपंच ने कहा कि स्थायी समाधान होने तक गांव में पानी के टैंकरों की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल जहां-जहां पाइपलाइन में लीकेज है, वहां मरम्मत के लिए जन स्वास्थ्य विभाग के जेई से बात हुई है और जल्द ही लाइन को ठीक करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

---

## मन इंद्रियों का और हम मन के राजा : विवेकानंद


उकलाना। श्रद्धालुओं के साथ स्वामी विवेकानंद महाराज।

- स्वामी विवेकानंद महाराज को दिया गुरु पूजन महोत्सव का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उकलाना

सोहम मंडल के संरक्षक स्वामी विवेकानंद महाराज इन दिनों हिसार प्रवास पर हैं। इस दौरान उकलाना की संगत ने वहां पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया। संगत ने उन्हें जुलाई माह में उकलाना में आयोजित होने वाले गुरु पूजन महोत्सव में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण भी दिया और कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की।

स्वामी विवेकानंद महाराज ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि मन इंद्रियों का राजा है और हम मन के राजा हैं, इसलिए मन और इंद्रियों को अपने वश में रखकर उनका सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम मन से पूछते हैं कि अपनी इच्छाओं से हमें क्या प्राप्त हुआ, तो वह स्वयं स्वीकार करता है कि क्षणिक सुख से स्थायी शांति नहीं मिलती। सत्य का मार्ग हमें परमात्मा के नाम के सिमरन और भक्ति की ओर ले जाता है। इस अवसर पर निरंजन दहमनिया, वासुदेव शर्मा, राकेश गोयल, रामनिवास मित्तल, सतपाल मित्तल, रघुवीर गर्ग, बजरंग बंसल, बजरंग मित्तल, हनुमान गोयल, उर्मिल शर्मा, मीनू गोयल, अमरपति मित्तल, रमेश गोयल, तरसेम बरवाला, नरेंद्र गर्ग, अमर गोयल, पैक्स के अध्यक्ष जगदीश असीजा आदि थे।

---

## जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन ने किया आधुनिक विद्यालय स्वच्छता सुविधाओं का शुभारंभ


हिसार। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व टीम सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

विधायक सावित्री जिंदल के नेतृत्व में जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन समुदायों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्मान को बेहतर बनाने वाली पहलों का समर्थन करके सामाजिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहा है। सामुदायिक कल्याण और समावेशी विकास के प्रति उनके समर्पण से प्रेरित होकर, फाउंडेशन ने ग्रामलय और सत्व कंसल्टिंग के सहयोग से हिसार में एक परिवर्तनकारी विद्यालय स्वच्छता पहल शुरू की है। सावित्री जिंदल के जमीनी स्तर पर बच्चों के लिए स्वस्थ वातावरण बनाने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, यह पहल सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं में सुधार पर केंद्रित है। कार्यक्रम के पहले चरण में हिसार के कई स्कूलों में अत्याधुनिक शौचालय परिसर विकसित किए गए हैं, जिनमें मेला कोठी, वन विभाग, मॉडल टाउन और सूर्य नगर शामिल हैं। नवनिर्मित स्वच्छता परिसरों में आधुनिक जल और स्वच्छता सुविधाएं शामिल हैं, जैसे साबुन की सुविधा वाले समर्पित हाथ धोने के स्टेशन, मूत्रालयों में स्वचालित जल आपूर्ति प्रणाली, बेहतर वेंटिलेशन और सुरक्षाए गोपनीयता और दीर्घकालिक उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किए गए टिकाऊ पक्के दरवाजे आदि। इस पहल का एक प्रमुख उद्देश्य किशोरियों, विशेष रूप से मासिक धर्म के दौरान, स्वच्छता संबंधी चुनौतियों का समाधान करना है।

---



## संदीप जैनावास डिपो प्रधान व प्रदीप डाबड़ा बने सचिव

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित रोडवेज कर्मचारी यूनियन की हिसार डिपो की बैठक वर्कशॉप प्रांगण में डिपो प्रधान राजबीर दुहन की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन हांसी सब डिपो प्रधान मनजीत सोरखी ने किया। वर्कशाप प्रांगण में सैकड़ों कर्मचारियों की उपस्थिति में यूनियन का डिपो प्रधान व सचिव का चुनाव करवाया गया। इस दौरान राज्य कमेटी राज्य प्रधान सरदार निशान सिंह, राज्य महासचिव जयवीर घणघस, कार्यकारी राज्य प्रधान अनूप लाठर, संगठनकर्ता कृष्ण रावीस व राज्य चेयरमैन मुकेश दुहन, पूर्व प्रधान राजपाल नैन, राजबीर सिंधु व कुलदीप शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।चुनाव सर्वसम्मति से करवाया गया, जिसमें संदीप जैनावास को डिपो प्रधान व प्रदीप डाबड़ा को डिपो सचिव चुना गया। राज्य कमेटी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण करवाई। इस अवसर पर यूनियन के लिपिक स्टाफ के डिपो प्रधान अनूप श्योकंद, रणबीर सोरखी, अरुण शर्मा, भागीरथ शर्मा व रघुबीर जेवरा आदि भी मौजूद रहे।

---

## किसानों व कमेरों की आवाज बुलंद करने के लिए क्षेत्रीय दलों को लामबंद होने की जरूरत : अजय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि देश और प्रदेश के मौजूदा हालात बदलाव की मांग कर रहे है। आज लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं और विपक्ष को संसद में बोलने का मौका तक नहीं दिया जा रहा। किसान-कमेरे की आवाज को बुलंद करना होगा और अपनी आवाज बुलंद करने के लिए हम सब क्षेत्रीय दलों को एकजुट होना होगा। डॉ. चौटाला शुक्रवार को नई अनाज मंडी में अपने 65वें जन्मदिन पर आयोजित हरियाणा जनचेतना दिवस रैली को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. चौटाला ने कहा कि लोकसभा के स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आने और मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने से यह स्पष्ट है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर संदेह पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश की व्यवस्था कुछ बड़े उद्योगपतियों के प्रभाव में चल रही है। डॉ. चौटाला ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन की लड़ाई के लिए जुट जाएं। रैली की अध्यक्षता आजमगढ़ से सांसद एवं वरिष्ठ सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने की।


हांसी। अनाज मंडी में आयोजित रैली में मंचासीन सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव, डॉ अजय चौटाला, सांसद हरेंद्र मलिक व जनसमूह। फोटो : हरिभूमि

#### डॉ. चौटाला का राजनीतिक बनवास खत्म, नए जोश से बढ़ेंगे आगेः दुष्यंत

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा की सरकार एक तरफ तो देश के मुखिया को विश्वगुरु कह रही है, वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कठपुतली बने हुए है। भारत में ऊर्जा जरूरतों के लिए अमेरिका फैसला ले रहा है। बाहरी दखलअंदाजी के कारण ही आज देश में गैस एवं तेल के लिए संकट बना हुआ है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला का राजनीतिक बनवास अब समाप्त हो चुका है और अब जेजेपी के कार्यकर्ता नए जोश एवं उमंग के साथ आगे बढ़ेंगे और प्रदेश में जेजेपी की सरकार लाएंगे।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री परमिंदर सिंह ढिंढसा, सांसद हरेंद्र मलिक, जेजेपी राजस्थान अध्यक्ष पृथ्वी सिंह मिल, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष दिनेश डागर, पंजाब प्रदेश अध्यक्ष संदीप न्योल, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र लितानी, मोहसीन चौधरी, पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा, पूर्व विधायक रमेश खटक, इंद्र फौजी, बहन फूलवती, किरण पूनिया, रजनी मलिक, नरेश द्वारका, हांसी जिलाध्यक्ष अमित बूरा व हिसार जिलाध्यक्ष अनिल बालकिया सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया दादी गुलजार का 5वां स्मृति दिवस

- मुख्य अतिथि के रूप में मार्केट कमेटी के चेयरमैन प्रवीण सैनी के साथ सभी ने दादी जी के साथ अनुभवों और उनके इतिहास के बारे में बताया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में दादी गुलजार जी का 5वां स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मार्केट कमेटी के चेयरमैन प्रवीण सैनी ने शिरकत की और अध्यक्षता सेंटर इंचार्ज बीके इंदिरा ने की। इस दौरान ब्रह्माकुमारी सुनीता, वीना और ओमप्रकाश मनचंदा ने दादी जी के साथ अनुभवों और उनके इतिहास के बारे में बताया। सेंटर इंचार्ज बीके इंदिरा ने अपने संबोधन में दादी जी के बारे में उनके जीवन चरित्र के बारे में और यज्ञ में उनके कार्यों के बारे में बताया तथा सभी आए हुए भाई बहनों का और मुख्य अतिथि का स्वागत किया और धन्यवाद किया। इस दौरान मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रवीण सैनी को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया।


बरवाला। मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रवीण सैनी को सम्मानित करते सेंटर इंचार्ज बीके इंदिरा व अन्य फोटो : हरिभूमि

---

## अधीनस्थ कर्मचारियों के अवकाश संबंधी इंद्राज इंट्रा हरियाणा पोर्टल के जरिये ही करें सुनिश्चित : खोथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

एचआरएमएस एवं इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर लीव मैनेजमेंट को लेकर एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में जिला सचिवालय परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अवकाश संबंधी प्रक्रियाओं को डिजिटल माध्यम से सुगम, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इस अवसर पर एसडीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अवकाश संबंधी इंद्राज इंट्रा हरियाणा पोर्टल के माध्यम से ही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए विभिन्न सेवाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा रहा है और इंट्रा हरियाणा पोर्टल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि एचआरएमएस एवं इंट्रा हरियाणा पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों की अवकाश स्वीकृति, सेवा विवरण और अन्य प्रशासनिक कार्यों का प्रबंधन आसान हो जाता है। इससे न केवल समय की बचत होती है बल्कि रिकॉर्ड भी व्यवस्थित रूप से सुरक्षित रहता है। कार्यशाला के दौरान सीएमजीजीए प्रतीक्षा सांगवान ने संबंधित अधिकारियों द्वारा एचआरएमएस एवं इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर लीव मैनेजमेंट की प्रक्रिया, लॉगिन, आवेदन करने की विधि तथा स्वीकृति से संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।


हांसीप। एचआरएमएस एवं इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर लीव मैनेजमेंट की बैठक को संबोधित करते सीएमजीजीए प्रतीक्षा सांगवान, साथ हैं एसडीएम राजेश खोथ।

---

## नशा व अपराध की रोकथाम के लिए हर व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने गांवों में नशा व अपराध रोकथाम के लिए अपने कार्यालय में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सरपंचों के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य गांवों में नशा, अपराध व सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने तथा पुलिस-जन सहयोग को और मजबूत बनाना रहा। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने उपस्थित सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने, युवाओं को नशे से दूर रखने और अपराधों की रोकथाम के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि गांव के जिम्मेदार लोग और पुलिस मिलकर कार्य करें तो नशे व अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांव में यदि किसी भी प्रकार की नशा तस्करी, अवैध गतिविधि, संदिग्ध व्यक्ति या सामाजिक माहौल खराब करने वाली गतिविधि की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।


हांसी। बैठक में मौजूद सरपंचों को संबोधित करते एसपी अमित यशवर्धन।

---

## आरडीसी में भाग लेने वाले कैडेट सम्मानित

- एनसीसी युवाओं में राष्ट्रभक्ति विकसित करने का एक सशक्त माध्यम : प्रो. वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें विश्वविद्यालय परिसर में स्थित प्रथम हरियाणा आर एंड वी स्क्वाड्रन, एनसीसी के दो कैडेट्स को सम्मानित किया गया। इन कैडेट्स ने देश के प्रतिष्ठित रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी)-2026 में भाग लेकर विश्वविद्यालय तथा हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। सम्मानित कैडेट्स में सार्जेंट अंकित गर्ग (तृतीय वर्ष) तथा कैडेट शुभम कुमार (द्वितीय वर्ष) शामिल हैं।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कैडेट्स, कमांडिंग ऑफिसर तथा एएनओ को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये कैडेट्स भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. मनोज कुमार रोज, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विनीत बुटोला, एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) नरेंद्र सिंह और लेफ्टिनेंट (डॉ.) अर्चना लोहिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


हिसार। कैडेट्स को सम्मानित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा एवं अन्य।

---

### स्व. मीर सिंह पहलवान की स्मृति में कुश्ती दंगल करवाया

## 42 किलोग्राम भारवर्ग में आरुषि ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

निकटवर्ती गांव धीरणवास में स्वर्गीय मीर सिंह पहलवान की स्मृति में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आसपास क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे पहलवानों ने शानदार मुकाबले किए। कुश्ती दंगल देखने काफी संख्या में लोग पहुंचे।

विकास डिफेंस स्कूल और स्पोर्ट्स अकादमी धीरनवास में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुखबीर नैन, सुरेन्द्र पहलवान तथा सुरेन्द्र आर्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर जापान के तीन बार ओलंपियन पहलवान कोसी अक्सई विशेष रूप से मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा आयोजन में सेवानिवृत्त एसडीओ सतबीर पूनिया, राजली पूर्व सरपंच रामफल चहल, रामनिवास दुकिया संदोल, ऋषि पहलवान ईकस, राजेंद्र धांगड़ ओलम्पियन, पवन पहलवान व डॉ. इशु बिश्नोई सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम आयोजक सुशांत पहलवान और अभिमन्यु पहलवान थे।


हिसार : विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

#### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

लड़कियों के वर्ग में 42 किग्रा में आरुषि प्रथम (सुशील अकादमी) रही जबकि दीक्षा द्वितीय रही, तृतीय स्थान (नरेश अकादमी) नैना व चतुर्थ स्थान (रणबीर अकादमी) ईशा ने प्राप्त किया। 48 किग्रा भारवर्ग में हिसार की तमन्ना प्रथम रही जबकि जेएसडब्यलू रजनी द्वितीय तथा शीतल तृतीय व जेएसडब्ल्यू दीपिका चतुर्थ रही। 55 किग्रा में ऋतिका ने अव्वल स्थान प्राप्त किया जबकि चिनू द्वितीय, मानसी तृतीय व डाबड़ा से मेघा चतुर्थ रही। 62 किग्रा में प्रथम स्थान दिव्यम, द्वितीय दीपिका, तृतीय मीनू व चतुर्थ स्थान कनिका ने प्राप्त किया। इसी तरह लड़कों के वर्ग में 35 किग्रा भार में जींद का यश अव्वल रहा जबकि सुशील अकादमी से कुश ने द्वितीय व तनिष ने तृतीय स्थान और जतिन चतुर्थ स्थान पर रहे। 45 किग्रा भार में रवि मोखरा प्रथम, नरेश अखाड़ा से हंश द्वितीय, मिर्चपुर से वीर तृतीय व हितेश चतुर्थ रहे। 55 किग्रा में प्रथम जतिन, सतीश, अजय व जुनैद क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रहे।

## खबर संक्षेप

### यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट कल

**हांसी।** यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ग्रुप की सभी शिक्षण संस्थाओं में 15 मार्च को स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट–2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में एलकेजी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विभिन्न संकायों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इस स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए 32 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति राशि वितरित की जाएगी। यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बताया कि परीक्षा का प्रश्नपत्र उसी कक्षा के सिलेबस पर आधारित होगा, चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर प्रतिभाशाली विद्यार्थी को उसकी योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर देना है।

### पुलिस अधीक्षक ने गांव जमावड़ी का किया भ्रमण

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन द्वारा जिला क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा पुलिस व आमजन के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जमावड़ी गांव का दौरा किया। पुलिस अधीक्षक ने गांव के सरपंच, गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं तथा महिलाओं से मुलाकात कर क्षेत्र की कानून व्यवस्था, सामाजिक समस्याओं तथा आपराधिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और जनता के सहयोग से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहने, खेल-कूद व शिक्षा की ओर ध्यान देने तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

### श्रीनिवास गोयल ने धरना कमेटी को दिया आश्वासन

**उकलाना।** सिरसा–चंडीगढ़ रोड पर बन रहे ओवरब्रिज के साथ अंडरपास बनाने की मांग पर पिछले दो महीनों से धरने पर बैठे व्यापारियों का सब्र अब जवाब देने लगा है। व्यापारियों का कहना है कि वे प्रशासन के उच्च अधिकारियों से कई बार मिल चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। इसी क्रम में शुक्रवार को धरना दे रहे व्यापारियों का एक बड़ा शिष्टमंडल भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल से मिला। गोयल ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्होंने अंडरपास की मांग पर पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों और संबंधित मंत्री से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रक्रिया जारी है और जल्द ही अंडरपास निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है।

### राजली में माकपा के जन आक्रोश जत्थे का स्वागत

**बरवाला।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के आह्वान पर 24 मार्च को नई दिल्ली में रैली होगी। इसकी तैयारी के चलते हरियाणा में जन आक्रोश जत्था हांसी से चलकर गांव राजली में पहुंचा। इसके पहुंचने पर गांव राजली के गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के जिला सचिव व पार्टी नेता रोहतास राजली ने किया। जन आक्रोश जत्था में नेतृत्वकारी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के राज्य सचिव कामरेड प्रेम चंद, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर इंद्रजीत सिंह, सीटू यूनियन की नेता उषा रानी, एसएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जाखड़, महिला नेत्री सविता मलिक व शकुंतला जाखड़ मौजूद रहे।

### समाजसेवियों ने संयम व शांति की अपील की

**हिसार।** अमेरिका-ईरान द्वारा किए जा रहे हमलों से पश्चिमी एशिया में बढ़ रहे तनाव के मद्देनजर समाजसेवियों ने सहनशीलता व शांत भाव बनाए रखने की अपील की है। सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश तायल, निरंजन गोयल व सुरेश सिंगल मय्यड़ वाले ने बैठक करके कहा कि जनता को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए और एक-दूसरे का भरपूर सहयोग करना चाहिए। जगदीश तायल ने कहा कि भारत का इतिहास रहा है कि हमने हर संकट का हमेशा डटकर सामना किया है और सफल होकर निकले हैं।

# डोर-टू-डोर उठान की सुविधा के बावजूद कुछ घर नहीं दे रहे कचरा

## ऐसे घरों पर सख्ती बरतेगा निगम, पहले 200 व फिर 500 रुपये होगा चालान

- कचरा उठाने वाली एजेंसियों से मांगी रिपोर्ट, सत्यापन के बाद होंगे चालान
- चालान न भरने पर संबंधित घर के प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़ दी जाएगी राशि



हिसार। बैठक को संबोधित करते निगम आयुक्त नीरज। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम आयुक्त नीरज ने कहा है कि स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। यदि शहर का कोई घर कचरे का सेग्रीगेशन नहीं करता पाया जाता है तो पहली बार 200 रुपये और दोबारा ऐसा करने पर 500 रुपये का चालान किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त नीरज शुक्रवार को नगर निगम के मुख्य सभागार में डोर-टू-डोर के कार्यों बारे बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि लगभग तीन महीने पहले शहर के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य शुरू किया गया था। तब से एचएसआई की टीम द्वारा शहर के प्रत्येक घर में कम से कम तीन बार जाकर लोगों को कचरे के सही तरीके से सेग्रीगेशन यानी गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के बारे में जागरूक किया गया है।

उन्होंने बताया कि कई घरों में लोग कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्रित कर नगर निगम के वाहनों में भी अलग-अलग डाल रहे हैं, जो सराहनीय पहल है।

### एजेंसियों से मांगी क्षेत्रों की रिपोर्ट, फिर होंगे चालान

निगमायुक्त ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य कर रही वी. वायस और करिणी कॉरपेशन एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रिपोर्ट में यह भी बताया जाए कि कितने घरों से नियमित रूप से कचरा एकत्रित हो रहा है और कितने घर अभी इस व्यवस्था से नहीं जुड़े हैं। इसके साथ ही कचरा सेग्रीगेशन की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट का सत्यापन एएसआई द्वारा किया जाएगा। इसके बाद सीएसआई और एएसआई की टीम नियम अनुसार चालान किए जाएंगे, ताकि शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

### कुछ घर नहीं कर रहे नियम पालन

निगमायुक्त के अनुसार कुछ घरों में अभी भी कचरे का सेग्रीगेशन नहीं किया जा रहा है और कई घर ऐसे भी हैं जो कचरा देने से बच रहे हैं। ऐसे घरों पर सख्ती बरती जाएगी। ऐसे में यदि कोई घर कचरे का सेग्रीगेशन नहीं करता पाया जाता है तो पहली बार 200 रुपये और दोबारा ऐसा करने पर 500 रुपये का चालान किया जाएगा।

### सड़क पर कचरा फेंका तो 5 हजार जुर्माना

निगमायुक्त ने बैठक में स्पष्ट कहा कि यदि कोई व्यक्ति कचरा सड़क पर फेंकता पाया जाता है तो उसका 5000 रुपये का चालान किया जाएगा। चालान की राशि जमा न करने की स्थिति में इसे संबंधित घर के प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़ दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खुले में पशुओं को गीला कचरा डालने वालों के भी चालान किए जाएंगे।

### बैठक में ये रहे मौजूद

निगम आयुक्त नीरज की अध्यक्षता में हुई बैठक में अनेक अधिकारी व संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें मुख्य रूप से अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, सीएसआई राजकुमार, वेस्ट वेडनेसडे फाउंडेशन एनजीओ से डॉ. रूबी मखीजा, एएसआई सहित वी वायस व करणी कॉर्पोरेशन एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिंदल स्टेनलेस को 'मानव संसाधन उत्कृष्टता में महत्वपूर्ण उपलब्धि'



हिसार। सिग्निफिकेंट अचीवमेंट इन एचआर एक्सीलेंस पुरस्कार प्राप्त करते जिंदल स्टेनलेस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुशील बवेजा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिंदल स्टेनलेस को 16वें नेशनल एचआर एक्सीलेंस अवॉर्ड कॉन्फ्लुएंस 2025-26 में प्रतिष्ठित सिग्निफिकेंट अचीवमेंट इन एचआर एक्सीलेंस (मानव संसाधन उत्कृष्टता में महत्वपूर्ण उपलब्धि) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों से संबंधित प्रणालियों को मजबूत करने और मानव संसाधन की नीतियों को कंपनी की दीर्घकालिक विकास योजना के साथ संरेखित करने के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। यह पुरस्कार जिंदल स्टेनलेस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुशील बवेजा, उपाध्यक्ष (एचआर) राजीव रंजन, हेड–लर्निंग एंड डेवलपमेंट आनंद पचौरी तथा एसोसिएट मैनेजर और एचआरबीपी वेदिका आर्या ने प्राप्त किया। यह पुरस्कार संजय बहल, अध्यक्ष, कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री राष्ट्रीय समिति लीडरशिप और एचआर तथा मुख्य परिचालन अधिकारी एवं संयुक्त अध्यक्ष, अडानी सीमेंट द्वारा प्रदान किया गया।

### हमारे लोग ही कंपनी की उत्कृष्टता का कारण

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस पुरस्कार के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिंदल स्टेनलेस में हमारा मानना है कि हमारे लोग ही कंपनी की उत्कृष्टता का कारण हैं और वही उसे बनाए रखते हैं। सीआईआई की ओर से मिला यह पुरस्कार इस बात को दर्शाता है कि हम अपने कर्मचारियों से जुड़ी नीतियों को लगातार मजबूत बनाने और ऐसा कार्यस्थल बनाने पर ध्यान दे रहे हैं, जहां वह नए विचारों के साथ काम करते हुए प्रगति कर सकें। जिंदल स्टेनलेस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुशील बवेजा ने पुरस्कार ग्रहण करते समय कहा कि सीआईआई का मानव संसाधन में उत्कृष्टता का ढांचा कंपनियों को एक मजबूत मानक प्रदान करता है।

# बोर्ड उपाध्यक्ष ने किया मिर्चपुर के स्कूल का औचक निरीक्षण

- समाजशास्त्र की परीक्षा में जांचे सुरक्षा के इंतजाम, तलाशी के दौरान किसी भी छात्र से नहीं मिली नकल की पर्ची



नारनौंद। गांव मिर्चपुर के परीक्षा केंद्र पर बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर स्टाफ से जानकारी लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता के अपने संकल्प को दोहराते हुए बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर के उड़नदस्ते ने हांसी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दस्तक दी। शुक्रवार को सीनियर सेकेंडरी की समाजशास्त्र विषय की परीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष ने विशेष रूप से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मिर्चपुर का औचक निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर बोर्ड के निर्देशों की अनुपालना को परखा।

उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने मिर्चपुर केंद्र पर पहुंचते ही सबसे पहले परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षार्थियों की तलाशी ली और केंद्र अधीक्षक के साथ सुरक्षा प्रबंधों पर चर्चा की। उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की सुगमता के लिए स्टाफ का अनुशासित होना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक पर्यवेक्षक और कर्मचारी पहचान पत्र अनिवार्य रूप से धारण करें। बोर्ड उपाध्यक्ष ने दो टूक कहा कि यदि किसी भी स्तर पर नियमों की अनदेखी या कोताही पाई जाती है, तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध तुरंत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मिर्चपुर गांव स्थित परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा और निगरानी का आलम यह रहा कि गहन चेकिंग की गई। किसी भी छात्र के पास नकल की कोई पर्ची नहीं मिली। बोर्ड उपाध्यक्ष ने परीक्षा केंद्र पर तैनात स्टाफ की कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों में बढ़ती जागरूकता पर संतोष व्यक्त किया।



हिसार। बैठक को संबोधित करते एसपी शशांक कुमार सावन।

# पैदल गश्त करके अपराधियों में भय का माहौल पैदा करे पुलिस : एसपी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने थाना स्तर पर नियमित पैदल गश्त बढ़ाने पर जोर दिया है। उनका कहना है कि इससे आमजन के बीच पुलिस की मौजूदगी बनी रहती है और अपराधियों में भय का माहौल बनता है। उन्होंने मोटरसाइकिल चैकिंग अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के भी निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन शुक्रवार को अपराध गोष्ठी में अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। पुलिस लाइन स्थित आधिकारिक मेस में हुई इस अपराध गोष्ठी में सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रभारी, अपराध शाखा प्रभारी, चौकी इंचार्ज तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना, अपराधों की रोकथाम करना तथा लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे को सुनिश्चित करना रहा। पुलिस अधीक्षक ने थाना स्तर पर अपराधों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित निगरानी, प्रभावी नाकाबंदी और गश्त व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में एसपी ने बिना नंबर प्लेट वाहनों, ब्लैक फिल्म, ट्रिपल राइडिंग, बुलेट पटाखा, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन तथा ड्रिंक एंड ड्राइव जैसे उल्लंघनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# घरों की गणना के दौरान परिवार से 34 प्रश्न पूछेंगे प्रगणकः एसडीएम

- घरों की गणना के लिए हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए जाएंगे
- हर ब्लाक के लिए किया जाएगा एक प्रगणक नियुक्त
- विश्रामगृह में आयोजित जनगणना सर्वे 2027 के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जनगणना सर्वे 2027 को व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रथम चरण में घरों की गणना की जाएगी। इसके लिए पूरे जिले की हाउस लिस्टिंग कर ब्लॉक बनाए जाएंगे। हर ब्लॉक में एक प्रगणक की ड्यूटी रहेगी। यह बातें जनगणना के जिला नोडल अधिकारी एवं एसडीएम राजेश खोथ ने ये जानकारी स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। एसडीएम खोथ ने बताया कि घरों की गणना को लेकर तैयारी तेजी से की जा रही है। उन्होंने कहा कि हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाने का कार्य एक या दो दिन में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा की एक ब्लॉक में अनुमानित 600 से 800 घर शामिल होंगे। हर ब्लॉक में घरों की गणना के लिए एक प्रगणक की ड्यूटी रहेगी। और लगभग 6 ब्लॉक पर एक सुपरवाइजर द्वारा जनगणना कार्य पर निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला में करीब 725 प्रगणक और 120 सुपरवाइजर नियुक्त किए जाएंगे। इनके अलावा दस फीसदी स्टाफ रिजर्व रखा जाएगा। एसडीएम ने बताया कि घरों की गणना के दौरान प्रगणक हाउसहोल्डर से मकान के संबंध में जैसे मकान का फर्श, छत, पेयजल आपूर्ति,शौचालय के प्रकार ,रसोई में खाना बनाने में प्रयुक्त ईंधन इत्यादि 34 प्रश्न पूछेंगे। घरों की गणना का कार्य एक मई से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि आगामी 19 से 21 मार्च तक मास्टर ट्रेनरों द्वारा फील्ड ट्रेनरों, सुपरवाइजरों तथा प्रगणकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कार्य के लिए 18 फील्ड ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। शिविर में तहसीलदार डॉ अनिल कुमार, जनगणना विभाग के उपनिदेशक प्रमोद कुमार, मास्टर ट्रेनर रमा, जनगणना जिला समन्वयक अरुण कुमार आदि थे।

# महिला से पर्स छीनने के आरोपी पकड़ा

- पुलिस ने आरोपी युवक से की शत-प्रतिशत रिकवरी



हांसी। वृद्धा का रुपयों से भरा पर्स छीनकर भागने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिला पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला से पर्स छीनने वाले युवक को मात्र 2 घंटे के भीतर काबू कर महिला से छिने गए रुपयों की शत-प्रतिशत रिकवरी की गई है।

अतिरिक्त शहर थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस को गुरुवार दोपहर आर्य नगर कॉलोनी निवासी एक महिला से अज्ञात युवक द्वारा पर्स छीनकर फरार होने की सूचना मिली थी और सूचना मिलते ही एवीटी व शहर थाना पुलिस की टीमों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी व तलाशी अभियान शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज व सूचना के आधार पर आरोपी युवक की पहचान कर झपटमार करने वाले आरोपी को वारदात को अंजाम देने के 2 घंटे के भीतर ही काबू कर लिया। और आरोपी के पास से शत प्रतिशत रिकवरी की गई। काबू किए गए आरोपी की पहचान लाल सड़क निवासी अजय उर्फ चिंनी के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने की आर्य नगर कालोनी निवासी मूर्ति देवी वीरवार दोपहर बैंक से अपनी पैंशन के रुपए निकलवा कर बाजार से सामान खरीदकर करीब एक बजे पैदल ही अपने घर वापस आ रही थी। और जब वह भाटिया कुटिया के पास पहुंची तो इसी दौरान पीछे से आ रहा युवक मूर्ति के हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गया। पर्स में 10 हजार रुपये सहित अन्य सामान था। पुलिस ने पीड़िता मूर्ति देवी की शिकायत पर झपटमार की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर साक्ष्यों व सूचनाओं के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर उसके पास से 10 हजार रुपये बरामद कर शत प्रतिशत रिकवरी कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

# श्री हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान का वार्षिक महोत्सव 17 से 19 तक

**हिसार।** ऋषि नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान में 17 से 19 मार्च 2026 तक मंदिर का 70वां वार्षिक महोत्सव तथा हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत 2083 श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुंदरकांड पाठ, श्री हरिनाम संकीर्तन, हवन, ध्वजारोहण और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति की ओर से शहर के श्रद्धालुओं को परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। मंदिर समिति के महासचिव सुभाष (टीनू) आहूजा ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत मंगलवार 17 मार्च को सायं 7 बजे से 10:30 बजे तक पावन श्री सुंदरकांड पाठ एवं श्री हरिनाम संकीर्तन के साथ होगी। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे तथा भक्ति रस में डूबकर भगवान श्री हनुमान का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार 18 मार्च को सायं 7 बजे से 10:30 बजे तक दिल्ली से पधारी प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री निकुंज कामरा द्वारा श्री हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार 19 मार्च को प्रातः 8 बजे हवन, 10 बजे ध्वजारोहण तथा प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक दिल्ली के श्रद्धेय श्री बब्बू भैया द्वारा श्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।



टीनू आहूजा।

# एक्सईएन फील्ड कर्मियों की समस्याओं के समाधान बारे गंभीर नहीं : यूनियन



**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच हिसार द्वारा फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग पर कार्यकारी अभियंता, मंडल नंबर 3 के मॉडल टाऊन स्थित कार्यालय के समक्ष सांकेतिक धरना देकर रोष प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान अशोक कुमार ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव राकेश शर्मा ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान अशोक कुमार व सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि संगठन ने लगातार फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यकारी अभियंता से वार्ता व पत्राचार के माध्यम से प्रयास किया, लेकिन उपरोक्त अधिकारी फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है और नकारात्मक रवैया अपनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों में बढ़ते रोष और उपरोक्त अधिकारी के नकारात्मक रवैये को देखते हुए 16 मार्च सोमवार को पुनः सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा। धरने को जिला चेयरमैन नरेश गौतम, पूर्व प्रधान रमेश आहूजा, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, सुरेंद्र चहल, विक्रम नागर, अशोक पूनिया, बृजलाल, नरेश अग्रोहा, सन्नी, दीपक लोट, रमेश मिर्जापुर, विकास गोस्वामी, सतीश कुमार, आईबी मैकेनिकल ब्रांच प्रधान विनोद फौजी, उप प्रधान जोगिंदर फौजी, वरिष्ठ उप प्रधान राजपाल फौजी व आदमपुर ब्रांच प्रधान रामसूरत ने आदि ने भी संबोधित किया।

## गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में यूटीडी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# रेस में रिशिका व मयंक ने हासिल किया पहला स्थान

> शारीरिक व मानसिक कौशल प्रदर्शित करने का प्रतिष्ठित मंच है खेल



हिसार। यूटीडी खेल प्रतियोगिता में दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि रामफल पंवार एवं कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पूर्व आईपीएस रामफल पंवार ने कहा है कि खेल प्रतियोगिताएं शारीरिक व मानसिक कौशल प्रदर्शित करने का एक प्रतिष्ठित मंच हैं। यह मंच विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के लिए भी प्रोत्साहित करता है। खेल व शिक्षा दोनों का संतुलन ही जीवन को सशक्त बनाता है। रामफल पंवार शुक्रवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप खेल स्टेडियम में शुरू हुई दो दिवसीय दूसरी यूटीडी खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को मुख्यातिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई तथा मुख्यातिथि रामफल पंवार की धर्मपत्नी डा. बिमला बिश्नोई, खेल निदेशालय के डीन प्रो. आशीष अग्रवाल तथा खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा भी उपस्थित रहे।

### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

प्रथम सत्र में पुरुष तथा महिला वर्ग में 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला वर्ग में फिजिक्स विभाग की रिशिका ने पहला, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की संजू ने दूसरा तथा विधि विभाग की निशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में गणित विभाग के मयंक धनखड़ ने पहला, भूगोल विभाग के अंकुश ने दूसरा तथा इंगलिश विभाग के रवि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कुशाल बेनिवाल प्रथम, निखिलेश द्वितीय तथा मोहित तृतीय स्थान पर रहे।

### डिस्कस थ्रो में साहिल रहा अव्वल

डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में साहिल पहले, अंशु दूसरे तथा अंकित तीसरे स्थान पर रहे। ऊंची कूद प्रतियोगिता में अंशु ने पहला, हेमंत ने दूसरा तथा अक्षय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रिशिका प्रथम, सानिया द्वितीय व अंशु तृतीय स्थान पर रही। 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रिशिका ने पहला, संजू ने दूसरा तथा निशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में इशाना गांधी प्रथम, बबलीन द्वितीय तथा कोमल तृतीय स्थान पर रही। शॉटपुट प्रतियोगिता में ईशाना गांधी ने पहला, तानिया ने दूसरा तथा बबलीन कौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद प्रतियोगिता में अंशु ने पहला, रिशिका व संजना ने दूसरा तथा मानया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


## मार्केट न्यूज

### तनिष्क हिसार में महिला दिवस की धूमः गोलगप्पों की चटकारे और खेलों के साथ मना 'नारी शक्ति' का उत्सव



**हिसार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, शहर के प्रतिष्ठित ज्वैलरी शोरूम तनिष्क हिसार ने अपनी महिला ग्राहकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए एक भव्य और आत्मीय कार्यक्रम का आयोजन किया। 'हर महिला खास है' के संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने शोरूम के माहौल को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया। **मनोरंजन और उपहारों की बौछारः** कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं के लिए आयोजित विशेष मजेदार गेम्स से हुई। सामान्यतः शांत रहने वाले शोरूम में आज महिलाओं के ठहाकों और उत्साह की गूंज सुनाई दी। प्रतियोगिताओं में जीतने वाली महिलाओं को तनिष्क की ओर से आकर्षक उपहार भेंट किए गए। इस दौरान महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता और खेल भावना का परिचय दिया। **गोलगप्पे का अनोखा सरप्राइजः** इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण और 'टॉक ऑफ द टाउन' रहा गोलगप्पों का स्टाल। महिलाओं की पसंद को प्राथमिकता देते हुए स्टोर परिसर में ही शुद्ध और चटपटे गोलगप्पों की व्यवस्था की गई थी। खरीदारी के बीच इस अनूठे स्वाद के संगम ने ग्राहकों का दिल जीत लिया। **विशेषज्ञों से सीधा संवादः** मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धक सत्र भी आयोजित किया गया। स्टोर की विशेषज्ञ टीम ने महिलाओं को हॉलमार्क ज्वेलरी की शुद्धता, हीरों के रखरखाव और बदलते फैशन ट्रेंड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी।